06 सुख के समुद्र हैं हमारे भगवान श्री रामः उद्धवदास



09 राजगढ़ में बैंक गए व्यापारी की जेब से 50 हजार ...



## खबर संक्षेप

### चौराहे पर बैठे युवक को मैजिक ने रौंदा, मौत

**इछावर।** मैजिक वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए एक व्यक्ति को टक्कर मार दी जिससे उसकी भोपाल ले जाते समय मौत हो गई। पुलिस के अनुसार नगर के वार्ड नंबर 12 निवासी तेजपाल बागरी का 30 वर्षीय पुत्र मुकेश मोहल्ले के चौराहे पर बैठा हुआ था। वहीं रोड पर एक मैजिक वाहन खड़ा हुआ था। अचानक मैजिक ड्राइवर ने वाहन को रिवर्स किया और मुकेश को चपेट में ले लिया। इस घटना में मुकेश गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे पहले सिविल अस्पताल इछावर लाया गया। यहां से भोपाल के लिए रेफर कर दिया गया। भोपाल ले आते समय मुकेश की मृत्यु हो गई। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर वाहन को जब्त कर लिया है।

### संशोधित परीक्षा का कार्यक्रम जारी

**सीहोर।** मप्र लोक सेवा आयोग (एमपी पीएससी) ने माइनिंग इंस्पेक्टर परीक्षा 2023 की संशोधित परीक्षा योजना जारी की है। इसके तहत यह पेपर 3 घंटे का होगा। पेपर 2 भागों में ए और बी में विभक्त रहेगा। इसमें से पार्ट-ए मप्र, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर का सामान्य ज्ञान और कम्प्यूटर का आधारभूत ज्ञान शामिल है। इसमें प्रश्नों की संख्या 50 रहेगी और पूर्णांक 150 होगा। इसके अलावा पार्ट बी भू-विज्ञान अथवा माइनिंग विषय का होगा। इसमें प्रश्नों की संख्या 100 और पूर्णांक 300 का होगा। इस तरह से पार्ट-ए और बी को मिलाकर 150 प्रश्न पूछे जाएंगे, जिनका पूर्णांक 450 होगा। यह वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न होंगे। इसके अलावा साक्षात्कार 50 अंक का होगा। इसे मिलाकर पूर्णांक 500 अंक का हो जाएगा। यह परीक्षा 3 घंटे की होगी। परीक्षा में निगेटिव मार्किंग भी होगी।

## लोकसभा चुनाव तैयारियों और राजस्व संबंधी कार्यों की कलेक्टर ने की समीक्षा

# राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का समय सीमा में करें निराकरण : कलेक्टर

### स्वतंत्र, निष्पक्ष और सुचितापूर्ण चुनाव के लिए आयोग के दिशा-निर्देशों का कढ़ाई से करें पालन- कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह ने कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में जिले में चल रहे लोकसभा निर्वाचन की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर सिंह ने स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं सुचितापूर्ण निर्वाचन के लिए सभी अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूरी गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों, राजस्व वसूली, सीमांकन, बटवारा, नामांतरण सहित सभी राजस्व प्रकरणों की अनुभागवार एवं तहसीलवार की समीक्षा भी की।

कलेक्टर सिंह ने ईडीसी, पोस्टल बैलेट के संबंध में जानकारी लेते हुए निर्वाचन कार्य में लगे कर्मचारियों को डाक मतपत्र, ईडीसी जारी करने एवं इन मतदाताओं के लिए बनाए जा रहे सुविधा केंद्र के संबंध में जानकारी ली।

उन्होंने ने कहा कि 85 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठजन और ऐसे दिव्यांगजन जो मतदान केंद्र जाने में अक्षम हों, उन्हें होम वोटिंग के माध्यम से मतदान कराया जाएगा। साथ ही उन्होंने होम वोटिंग, पोस्टल बैलेट वोटिंग के नियमों का पालन करते हुए सभी आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी अधिकारियों को उनसे संबद्ध मतदान केन्द्रों का भ्रमण करने और वहां छाया, पानी, बिजली, शौचालय आदि सभी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि सुविधाओं में कोई कमी हो तो उसे समय पूर्व दुरूस्त करा लें। कलेक्टर ने मतदान दलों को दी जाने वाली सामग्री, मेडिकल किट, वाहन की उपलब्धता, रूट चार्ट, ईव्हीएम मशीन के वितरण एवं संग्रहण में पार्किंग व्यवस्था इत्यादि के संबंध में भी जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर सिंह ने मतदान प्रक्रिया के संबंध में मतदान दलों के प्रशिक्षण की जानकारी लेते हुए निर्वाचन आयोग से प्राप्त मार्गदर्शिका के अनुरूप प्रशिक्षण देने की बात कही। साथ ही उन्होंने सुविधा केन्द्र में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने सहित निर्वाचन की संपूर्ण गतिविधियों के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्वीप कार्यक्रम के तहत किए जा रहे मतदाता जागरूकता गतिविधियों की जानकारी लेते हुए नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर स्वीप के तहत गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आगामी दिवसों में स्वीप अंतर्गत मतदान हेतु लोगों को जागरूक करने तथा विशेष रूप से जनजातीय क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर मतदान तिथि 07 एवं 13 मई 2024 को लोकसभा निर्वाचन में मतदान करने के लिए जागरूक करने के निर्देश दिए।

उन्होंने चेक पोस्ट पर तैनात अधिकारी एवं कर्मचारियों को अवैध सामग्रियों पर लगातार निगरानी रखने तथा स्थैतिक निगरानी दल की टीम को सतर्कता एवं सक्रियता से कार्य करने के निर्देश करने को कहा। बैठक में जिला पंचायत सीईओ आशीष तिवारी, अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, नितिन टाले, आनंद सिंह राजावत, सभी एसडीएम, तहसीलदार सहित सभी राजस्व अधिकारी उपस्थित थे।

## ओवरब्रिज की उखड़ी गिट्टी अब तार तक दिखने लगे



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के लुनिया चौराहे से मंडी क्षेत्र की ओर जाने के लिए करीब 5 साल पहले रेल लाइन के ऊपर 14 करोड़ की लागत से ओवर ब्रिज का निर्माण किया गया। इस रेलवे ओवर ब्रिज में कई जगह गड्ढे हो गए हैं। इन गड्ढों में कई जगहों पर सरिए भी निकल आए हैं। ऐसे में ब्रिज के ऊपर से निकलने वाले वाहनों को आवागमन में दिक्कत हो रही है। वहीं अन्य जगहों पर गड्ढे होना शुरू हो चुके हैं।

करीब डेढ़ साल की अवधि में बनने वाले इस मंडी रेलवे ओवर ब्रिज पर धीमी गति से निर्माण कार्य के चलते इस बनकर तैयार होने में करीब छह साल लगे थे। इस बीच मंडी व श्यामपुर क्षेत्र में आवागमन करने वाले लोगों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ा था। करीब पांच साल पहले ओवर ब्रिज से आवागमन शुरू हुआ था, लेकिन इसमें से करीब दो माह बाद ही सीमेंट और गिट्टी निकलना शुरू हो गई थी। इसके कई बार इसकी मरम्मत भी की गई, लेकिन हर बार उनकी सीमेंट और गिट्टी उखड़ जाती है, जिससे वापस से गड्ढे दिखाई देने लगते हैं। वहीं वाहनों के निकलने में भी परेशानी होती है। वहीं ब्रिज के ऊपर से भारी वाहनों के निकलते समय तो परेशानी और भी अधिक परेशानी होती है। दो ओवरब्रिज का निर्माण शुरू अब शहर के पास दो नए रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है। इनमें एक ओवर ब्रिज फंदा फाटक पास बनाया जा रहा है, जिसका काम शुरू हो चुका है। वहीं दूसरा ओवर ब्रिज हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के पास रेलवे फाटक के पास बनाया जाएगा। अभी दोनों ही जगहों पर प्रतिदिन फाटक बंद होने पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग जाती है, लेकिन दोनों ही जगहों पर ओवर ब्रिज का निर्माण होने के बाद लोगों को यहां से निकलते समय रूकना नहीं पड़ेगा।

### फेक न्यूज की हो रही मॉनिटरिंग

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा चुनाव के लिए कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 101 में मीडिया मॉनिटरिंग एवं सर्टिफिकेशन सेंटर बनाया गया है। यहां प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक तथा सोशल मीडिया पर चुनाव प्रचार से संबंधित विज्ञापनों, पेड न्यूज, फेक न्यूज और आचार संहिता के उल्लंघन की सघन मॉनिटरिंग की जा रही है। बता दें कि पैड न्यूज, फेक न्यूज और आचार संहिता के उल्लंघन की कोई सूचना या समाचार प्रकाशित व प्रसारित होने पर तत्काल जिला निर्वाचन अधिकारी एवं संबंधित अधिकारी कार्रवाई कर सकते हैं। पेड न्यूज की मॉनीटरिंग के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा निर्देश दिए गए हैं।

## अवैध आरा मशीन पर कार्रवाई की मांग : परमार समाज के प्रतिनिधि मंडल ने वन विभाग को सौंपा ज्ञापन

**सीहोर।** छावनी सब्जी मंडी के पास जगदीश मंदिर पर अवैध रूप से चल रही आरा मशीन संचालक पर कार्रवाई की मांग को लेकर एक प्रतिनिधि मंडल ने मंगलवार को वन विभाग के अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने तत्काल कार्रवाई की मांग की। इस मौके पर वन विभाग के अधिकारी ने परमार समाज के प्रतिनिधि मंडल को आश्वासन देते हुए शीघ्र आरा मशीन को हटाने की बात कही है। परमार समाज के पूर्व अध्यक्ष तुलसीराम पटेल ने बताया कि शहर के प्राचीन जगदीश मंदिर पर अवैध रूप से आरा मशीन चलाई जा रही है। इसको लेकर परमार समाज के अलावा क्षेत्र के श्रद्धालुओं में आक्रोश व्याप्त है।



वन विभाग की ओर से न तो इनके पास लाइसेंस प्राप्त है और न ही वे वन विभाग के कोई नियम-कानून को मानते हैं। विभागीय स्तर पर इस प्रकार के अवैध कारोबार पर रोक लगाने की दिशा में अबतक कोई ठोस करवाई नहीं की गई, लिहाजा उन लोगों का हौसला बुलंद है। वहीं परमार समाज आरा मशीन को हटाने के लिए चक्कर काट रहा है, लेकिन डीएफओ के आश्वासन के बाद समाज ने ज्ञापन सौंप कर शीघ्र ही इस ओर ध्यान देने की बात कही। इस अवसर पर परमार समाज की ओर से ज्ञापन देने वालों में शिव परमार मुरली, विष्णु परमार रोलूखेडी, अनार सिंह, विक्रम परमार, प्रेम सिंह, तेज सिंह आदि शामिल रहे। मामले में वन विभाग के डीएफओ एमएस डाबर का कहना है कि मामले में नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

## छुट्टियों में पढ़ाई जारी रखने बांट रहे अभ्यास पुस्तिका 'प्रयास'

**सीहोर।** गर्मियों की छुट्टियां स्कूलों में 1 मई से लग जाएंगी जो 15 जून तक रहेंगी। इस दौरान बच्चे घरों में फ्री नहीं बैठें और पढ़ाई कर सकें। इसके लिए जिले के सरकारी प्रावि-मावि में कक्षा 2 से 8 तक के करीब एक लाख से अधिक बच्चों को एक-एक अभ्यास पुस्तिका प्रयास बांटी जा रही है। प्रत्येक कक्षा के लिए 22 तरह की गतिविधियां हैं जिन्हें करने के बाद बच्चों की आदत में पढ़ना बना रहेगा और बच्चों की पढ़ाई का रूटीन न हीं बिगड़ेगा। इन्हें 15 अप्रैल तक वितरित करने का लक्ष्य रखा था। अधिकांश स्कूलों में बच्चों को एक-एक अभ्यास पुस्तिका प्रयास स्कूलों में निशुल्क दी रही।



पुस्तिका से 3 चरणों में बच्चों को पढ़ाई में मिलेगी मददः प्रयास अभ्यास पुस्तिका राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा तैयार की गई है। इस यह तीन वर्ग में आती है। वर्ग-1 कक्षा दूसरी व तीसरे के लिए है। इसमें खेल-खेल के कुछ प्रोजेक्ट होकर तीन विषयों का अभ्यास रहता है। हिंदी-अंग्रेजी और संख्या ज्ञान भी शामिल है। इसी प्रकार वर्ग-2 में कक्षा चौथी और पांचवी आती है। जिसमें चार विषयों का अभ्यास शामिल है। इसमें पर्यावरण, गणित, हिंदी, अंग्रेजी भाषा विषय शामिल है। इसी प्रकार वर्ग-3 कक्षा 6, 7 व 8वीं के लिए है। इसमें भाषा हिंदी व अंग्रेजी, संस्कृत के अलावा गणित, सामाजिक विज्ञान व विज्ञान विषय एक ही पुस्तक में मिलेंगे। बच्चों को पुस्तिका में दिए गए अभ्यास को पूरा करना है। इसके लिए अपने-अपने माता-पिता, भाई-बहन या किसी मेंटर की मदद ले सकते हैं। यह इसलिए है ताकि बच्चों को घर पर पढ़ाई करने और चैप्टर को समझने में दिक्कत न आए।

राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा तैयार की गई इस पुस्तक को कक्षा 1 से 8वीं तक के शासकीय स्कूलों में दर्ज करीब एक लाख से अधिक विद्यार्थियों को वितरित करने का लक्ष्य रखा था। इसके अनुसार 26 मार्च तक जिले को उक्त पुस्तिकाएं प्राप्त हो गई थीं। यहां से भी जनशिक्षा केंद्रों तक पहुंचाई गई हैं और यहां स्कूल स्तर पर शिक्षकों तक पहुंचाई गई ताकि नवीन सत्र शुरू होने के साथ ही पुस्तिका वितरण शुरू किया जा सके। विभाग के अनुसार अभ्यास पुस्तिका ऐसी है जिससे सभी सिलेबस का रिवीजन भी हो सकेगा। इस अभ्यास पुस्तिका के वितरण का काम 15 अप्रैल तक किया जाना था। अधिकांश स्कूलों में वितरण का काम पूरा हो चुका है। हालांकि कुछ बच्चों को अभ्यास पुस्तिका नहीं मिल सकी है। उन्हें भी जल्दी ही अभ्यास पुस्तिका का वितरण कर दिया जाएगा।

### बच्चों में अभ्यास बना रहे, इसलिए नवाचार

डीपीसी सीहोर आरआर उइके ने बताया कि 1 मई से 15 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश रहेगा। अवकाश के दौरान बच्चों की पढ़ाई की आदत बनी रहे, इसलिए प्रयास नामक पुस्तिका वितरित की गई है। सभी स्कूलों में अभ्यास पुस्तिका का वितरण करवा दिया गया है।

## प्लेटफार्म-1 15 दिन के लिए बंद, 2 पर आएंगी सभी ट्रेनें

### पुनर्विकास... बढ़ाई जाएगी प्लेटफार्म की ऊंचाई

**सीहोर।** रेलवे स्टेशन सीहोर पर चल रहे निर्माण कार्यों के चलते बुधवार से प्लेटफार्म क्रमांक एक पूरी तरह से बंद रहेगा। इस प्लेटफार्म पर आने वाली सभी गाड़ियां प्लेटफार्म क्रमांक 2 पर आएंगी। करीब 15 दिनों तक ऐसी ही स्थिति रहेगी। यात्री रेलवे स्टेशन से टिकट लेकर सीधे फुट ओवर ब्रिज से प्लेटफार्म क्रमांक 2 पर पहुंचेंगे। सीहोर रेलवे स्टेशन का 22 करोड़ 60 लाख की लागत से पुनर्विकास कार्य किए जा रहे हैं। इसके तहत सीहोर रेलवे स्टेशन पर सर्कुलेटिंग एरिया, पार्किंग, स्टेशन बिल्डिंग व साइनेज के कार्यों में अपग्रेडिंग की जा रही है। यही नहीं प्लेटफार्म नंबर-1 व प्लेटफार्म क्रमांक 2 पर कवर शेड भी बनेगा। साथ ही क्राउड हैंडलिंग एरिया का विकास कार्य भी किया जाएगा। ऐसे में बुधवार से प्लेटफार्म क्रमांक 1 की ऊंचाई बढ़ाई जाएगी। जिसके चलते करीब 15 दिनों तक प्लेटफार्म क्रमांक एक यात्रियों के लिए पूरी तरह से बंद किया गया है। रेलवे के इंजीनियर ने बताया कि इस अवधि के दौरान प्लेटफार्म क्रमांक 1 पर रुकने वाली सभी ट्रेनें प्लेटफार्म क्रमांक 2 पर रुकेंगी।




### जब्तशुदा चावल 109.35 क्विंटल का विक्रय के लिए खुली नीलामी 23 अप्रैल को

**सीहोर।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आष्टा ने जानकारी दी कि प्रकरण क्र.8 एवं प्रकरण क्र 13 में न्यायालय कलेक्टर सीहोर द्वारा पारित आदेश के तहत जप्तशुदा चावल 88.85 एवं 20.50 क्विंटल 109.35 क्विंटल की खुली नीलामी के माध्यम से विक्रय किया जाना है। इच्छुक व्यक्ति दिनांक 23 अप्रैल को समय दोपहर 12 बजे MPWLC कार्यालय शासकीय गोदाम क्रमांक 04 पानी की टंकी के पास कन्नौद रोड आष्टा में उपस्थित होकर भाग ले सकते हैं।

### भगवानपुर जलाशय से छोड़े जाने वाला पानी भी नदी में नहीं छोड़ा

# अप्रैल माह में ही सूख गई सीवन नदी

# जगह-जगह बस नजर आ रही जलकुंभी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

अप्रैल माह के तीसरे सप्ताह की शुरुआत के दौरान ही शहर में बहने वाली सीवन नदी लगभग सूख चुकी है। इसका प्रमुख कारण यह है कि समय-समय पर नदी की साफ सफाई नहीं हुई और भगवानपुर जलाशय से छोड़े जाने वाला पानी भी नदी में नहीं छोड़ा गया है।

जानकारी के अनुसार नगर में बहने वाली सीवन नदी में पानी रहता है तो नगर के जल स्त्रोत हुए बावड़ी और हैंडपंप में भी पर्याप्त पानी रहता है। लेकिन इस साल सीवन नदी जल्दी सूख जाने के कारण अब जल स्त्रोत भी दम तोड़ने लगे हैं। इस साल सीवन नदी की ओर ध्यान ही नहीं दिया गया। जिसके कारण सीवन का जीवन खतरे में आ गया है और जिस समय जिले के सभी जलस्त्रोतों में भरपुर पानी रहना चाहिए ऐसे समय में सीवन नदी सूख चुकी है। सीवन नदी एक मात्र नदी है यही वजह है कि त्योहारों पर परंपरागत रूप से श्रद्धालु सीवन नदी में दीपदान करते हैं, लेकिन इस समय सीवन नदी में पानी ही नहीं है। यदि श्रद्धालु दीपदान करने जाएंगे तो नदी में जल के अभाव में दीपदान कहां करेंगे। इस प्रकार सीवन नदी में पानी नहीं होने के कारण सीवन नदी का स्वारूप बदला हुआ नजर आ रहा है, पानी की जगह सूखी जमीन और जलकुंभी के ढेर के अलावा कुछ भी नजर नहीं आ रहा। अत्यधिक जलकुंभी के कारण सीवन नदी हरियाली से भरपूर नजर आ रही है। जहां मवेशी विचरते हुए भी आसानी से देखे जा रहे हैं। यह नदी इस समय नदी न होकर खाली मैदान ज्यादा नजर आ रही है। नगर पालिका परिषद के सीमएओ भूपेंद्र दीक्षित का कहना है कि नगर में बहने वाली सीवन नदी की सफाई के लिए अभियान चलेगा और अमृत योजना के तहत भी अनेक कार्य होंगे।



## अंजलि तेंदुलकर बेटी सारा के साथ पहुंचीं सेवा कुटीर

**सीहोर।** प्रसिद्ध क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर की धर्मपत्नी अंजलि और उनकी बेटी सारा गोपनीय तरीके से सीहोर जिले के जामुनझील व सेवनिया में संचालित सेवा कुटीर में पहुंचीa। जहां आदिवासी ढोल एवं तीर-कमान से दोनों का स्वागत सत्कार किया गया।



कार्यक्रम इतना गोपनीय था कि पुलिस प्रशासन को भी इसकी सूचना नहीं दी गई। सीहोर जिले के पांच कुटीरों को सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन द्वारा गोद लिया गया है और उन्हें मदद की जाती है। इससे पहले सचिन भी सीहोर जिले की इन कुटीरों में पहुंचे थे। उनका कार्यक्रम भी गोपनीय रखा गया था। सीहोर जिले में नयापुरा, खापा, बेलपाटी, जामुनझील और सेवनिया में सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन द्वारा कुटीर संचालित की जाती है। इन कुटीरों में बच्चों की सुबह-शाम पढ़ाई कराई जाती है। इसकी स्थापना विनायक लोहानी द्वारा की गई थी।

### सरकारी स्कूलों में ऑर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पाठ्यक्रम

**सीहोर।** प्रदेश में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप ऑर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पाठ्यक्रम की जानकारी देने के लिए राज्य ओपन स्कूल बोर्ड ने 53 चयनित सरकारी स्कूलों में शुरूआत की है। यह पाठ्यक्रम जून-2022 से पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया गया है। पाठ्यक्रम से चयनित स्कूलों के विद्यार्थियों को नवीनतम तकनीक सिखाने में सहायता मिल रही है। इससे विद्यार्थियों को भविष्य में रोजगार के अवसर प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। यह पाठ्यक्रम एक विषय के रूप में कक्षा-8वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए प्रारंभ किया गया है। इस कोर्स की अवधि 220 से 240 घंटे निर्धारित की गई है। इसके लिए जिला स्तर के विद्यालय में 40 कम्प्यूटर एवं फर्नीचर से सुसज्जित लैब की स्थापना की गई है। इस लैब में इंटरनेट की सुविधा भी दी गई है।

## खबर संक्षेप

### सात साल से फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार

**सीहोर।** पुलिस अधीक्षक सीहोर मंयक अवस्थी के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गीतेश गर्ग एवं निरंजन सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली सीहोर गिरीश दुबे को थाना क्षेत्र में आगामी चुनाव के दृष्टीगत फरार एवं स्थाई वारंटीयो की गिरफ्तारी हेतु प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिये है। थाना कोतवाली की गठित टीम ने दिनांक 16.04.2024 को आर टी नंबर 87/2022 धारा 125 द प्र स मे फरार स्थाई वारंटी आसिफ शाह पिता शम्मी शाह उम्र 38 साल निवासी झुनियाबाड़ी सीहोर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। सराहनीय भूमिका प्रधान आर. संतोष वास्तवार, आरक्षक रवि विश्वकर्मा , आरक्षक अशोक , आरक्षक जीवन ,आरक्षक सुरेश मालवीय, महेंद्र मीना की सराहनीय भूमिका रही।

### आम सभा, रैली, जुलूस के लिए एसडीएम से अनुमति लेना अनिवार्य

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 के कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रवीण सिंह ने निर्वाचन प्रक्रिया निष्पक्ष, शांतिपूर्ण संचालित हो इसके लिए गत दिवस दण्ड प्रक्रिया संहिता-1973 की धारा 144 के तहत आदेश जारी किये है। आदेशानुसार जिले में आम सभा, रैली, जुलूस के पूर्व संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी से अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा। ध्वनि विस्तारक यंत्र, लाउडस्पीकर के उपयोग की अनुमति लेना अनिवार्य होगा।

### चुनावी ड्यूटी में मृत्यु होने पर अनुग्रह राशि मिलेगी

**सीहोर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव ड्यूटी के दौरान मृत्यु या गंभीर चोटों के मामले में मतदान, सुरक्षा कर्मियों के परिजन को अनुग्रह राशि का प्रावधान किया गया है। इसमें चुनाव संबंधी सभी प्रकार की ड्यूटी में तैनात सभी कार्मिक, सीएपीएफ, एसएपीएस, राज्य पुलिस, होम गार्ड के सभी सुरक्षाकर्मी, कोई भी निजी व्यक्ति जैसे ड्राइवर, क्लीनर आदि जिसे चुनाव ड्यूटी के लिए नियुक्त किया गया हो और बीईएल, सीआईएल इंजीनियर भी शामिल हैं। प्रथम स्तरीय जांच, ईवीएम कमीशनिंग, मतदान दिवस और मतगणना दिवस ड्यूटी में लगे हों।

### विश्वनाथपुरी में संगीतमयी नौ दिवसीय श्री रामकथा का चौथा दिन

# सुख के समुद्र हैं हमारे भगवान श्री रामः उद्धवदास

महाराजश्री ने कथा में भगवान के बालचरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि आजकल बच्चों को सही संस्कार देने चाहिए और उन्हें धर्म से जोडा जाना चाहिए जिससे वे आधुनिक समय में अपने जीवन मूल्य को समझ सकें और किसी कुमार्ग पर चलने से बच जाए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





पूरे संसार में आज हर कोई सुख की चाह रखता है, सारे प्रयास सुख प्राप्त करने के लिए ही होते हैं, पूरा जीवन सुख की तलाश में निकल जाता है लेकिन मायिक सुखों को ही ढूंढते रहते हैं जबकि हमारे भगवान श्री राम आनंद और सुख के समुद्र हैं। संसार में जितने भी सुख हैं वो भगवान के सामीप्य सुख का एक कण मात्र हैं। यदि हमारी श्रीराम नाम से प्रीति हो जाए तो हमें सुख के लिए कहीं भटकना नहीं पडेगा, क्योंकि जहां से सुखों की उत्पत्ति होती है जहां सारे सुख समाए हुए हैं उन भगवान के सामीप्य से हमें सारे सुखों की वैसे ही प्राप्ति हो जाएगी जैसे सारी नदियां समुद्र में बिना बुलाए ही जाकर समा जाती हैं।

उक्त आशय के उदगार सुप्रसिद्ध श्री रामकथा वाचक श्रीश्री 1008 महंत श्री उद्धवदास जी त्यागी महाराज श्रीराम कुटी आश्रम सीहोर ने शहर के सीवन स्काई सिटी के नजदीक विश्वनाथपुरी में स्थित प्रसिद्ध श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर शनिवार से नौ दिवसीय संगीतमयी श्री रामकथा के चौथे दिवस बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं को रामरस में सराबोर करते हुए व्यक्त किए। महाराजश्री ने कहा काल हमारे उपर मंडरा रहा है आजकल न जाने किसको बुलावा आ जाए, जैसे हम समुद्र का एक तट देख सकते हैं लेकिन दूसरा तट हमें नहीं दिखता, ठीक वैसे ही हमें अपनी मृत्यु की तिथि नहीं पता, हम यह सोचते हैं कि बुढापे में भगवान का भजन करेंगे या सारी जिम्मेदारियों से मुक्त होकर भक्ति करेंगे तो ऐसा नहीं हो पाता क्योंकि हमें नहीं पता कि हमें बुढापा आएगा भी या नहीं। इसलिए अभी से भगवान के नाम धर को कमाना शुरू कर दें। उन्होंने कहा कि सांसारिक धन तो यही रह जाता है लेकिन रामनाम धन यदि आपने कमाया है तो मृत्यु के पश्चात भी आपके साथ जाता है। राम नाम धन कमाने के बाद हमारी मृत्यु भी शुभ हो जाएगी।

महाराजश्री ने कथा में भगवान के बालचरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि आजकल बच्चों को सही संस्कार देने चाहिए और उन्हें धर्म से जोडा जाना चाहिए जिससे वे आधुनिक समय में अपने जीवन मूल्य को समझ सकें और किसी कुमार्ग पर चलने से बच जाए। उन्होंने कहा कि अपनी सुमधुर वाणी में महाराज जी ने कई भजन सुनाए जिन्हें सुनकर सभी श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। महाराज श्री के साथ संगीत टीम में सुप्रसिद्ध भजन गायक श्री विषाल व्यास, सहित उनके संगीतज्ञ साथीगण विजेन्द्र मेवाडा, कमलेष, सचिन एवं शुभम नायक ने श्रीराम कथा के दौरान अपने हुनर से श्रद्धालुओं को आनंदित किया। उल्लेखनीय है कि प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी गत 13 अप्रैल शनिवार से 21 अप्रैल रविवार तक प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से 11 बजे तक नौ दिवसीय श्री रामकथा का आयोजन किया जा रहा है।

कथा में शहर श्री उद्धवदास जी त्यागी महाराज श्रीराम कुटी त्यागी आश्रम सीहोर द्वारा सभी भगवत जनों को रामकथा की रसास्वादन कराया जा रहा है। कथा आयोजन समिति के अध्यक्ष पद अमित नीखरा मंदिर समिति के अध्यक्ष अनारसिंह चैहान, संरक्षक कमलसिंह ठाकुर, पं. ओमप्रकाष शर्मा, एमएस परमार, मुकेष भावसार, इन्द्रजीतसिंह, महेन्द्रसिंह चैहान, गोपालदास अग्रवाल, भानुप्रसाद गौर, राहुल वर्मा, कथा आयोजन समिति के उपाध्यक्ष पंकज ठाकुर, संतोष परमार, सुमित गिरोंदिया, सचिव मोहब्बतसिंह तोमर, कोषाध्यक्ष किषन राठौर, आनंद अग्रवाल, शुभम मालवीय, मुकेष प्रजापति ,मनोज दुबे, नीरज ठाकुर, संतोष दरबार आदि अनेक समिति सदस्यों ने सभी धर्मप्रेमी जनों से अधिक से अधिक संख्या में श्रीराम कथा में सम्मिलित होकर धर्मलाभ प्राप्त करने की अपील की है। कथा समापन के अगले दिन श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर मंदिर में अखंड रामायण का पाठ भी किया जाएगा जो 22 अप्रैल को प्रातः प्रारंभ होगा एवं 23 अप्रैल को समापन पष्चात हवन किया जाएगा। इसके साथ ही सायंकाल विषाल भण्डारे का आयोजन किया जाएगा।

## भारत सरकार की टीम ने शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और संजीवनी क्लिनिक का किया निरीक्षण



**सीहोर।** भारत सरकार की टीम द्वारा शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत 15 एवं 16 अप्रैल, को जिले के अनेक स्वास्थ्य संस्थाओं का निरीक्षण यिा गया। भारत सरकार की टीम में डॉ० राघुराम राव एडीजी एनटीईपी द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गंज एवं संजीवनी क्लिनिक मंडी सीहोर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आष्टा, लासूलिया परिहर, मोगरा राम स्वास्थ्य केन्द्रों का टीम द्वारा स्वास्थ्य सूचकांक केआधार पर निरीक्षण किया गया जिसमें शहरी स्वास्थ्य संस्था पर 12 1- सामान्य रोगों का परामर्श, मुख संबंधी रोग, परामर्श सेवाएं, मातृ स्वास्थ्य एवं प्रशामक स्वास्थ्य, नवजात एवं शिशु स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य, परिवार नियोजन एवं प्रजनन स्वास्थ्य, निः शुक्ल जॉच, दवा एवं रैफरल सुविधा, संक्रामक रोग प्रबधंन, किशोर-किशोर स्वास्थ्य सेवाएं, असंचारी रोगों की रोगथाम, आपातकालीन सेवांएआदि का निरीक्षण किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.सुधीर डेहरिया ने जानकारी दी कि भारत सरकार की टीम द्वारा शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वास्थ्य कार्यक्रम का निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य सुविधा की गुणवत्ता, एवं फीडबैक लिया गया जिसमें मरीज का भी फीडबैक लिया गया आशा एवं एएनएम के प्रोग्राम की की समीक्षा एवं निरीक्षण किया गया। डॉ. रघुराम राव, एडीजी, एनटीईपी एवं उनकी टीम डॉ. निकिता मिश्रा और डॉ. शशांक शर्मा दिल्ली द्वारा संयुक्त निरीक्षण किया गया जिला स्तर से शहरी नोडल अधिकारी डॉक्टर मालती आर्य, डीपीएम डॉक्टर दीपक डेहरिया, एमएनई ऑफिसर नितेश गर्ग, सहायक कार्यक्रम प्रबंधक हरिओम मेवाड़ा, मिडिया ऑफीसर डॉ अनीसाए संस्था प्रभारी डॉक्टर इंदु राठौर, डीटीओ जिला से अधिकारी डॉक्टर जेडी जोरी एवं संजीवनी क्लिनिक प्रभारी डॉक्टर अर्पित गरोदिया उपस्थित रहे।

## कुबेरेश्वरधाम पर 501 कन्याओं के साथ की पंडित प्रदीप मिश्रा ने राम नवमी पर की पूजा-अर्चना

### कुबेरेश्वरधाम पर मनाया गया भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव



**सीहोर।** हर साल की तरह इस साल भी जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में चैत्र नवरात्र के आखिरी दिन राम नवमी पर मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे। इस मौके पर भगवान श्रीराम और बाबा का पूजन ढोल-नगाडों के साथ भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा ने किया और उसके बाद यहां पर आने वाले करीब 501 कन्याओं को भोजन प्रसादी कराई और दिन भर यहां पर भंडारे का आयोजन किया गया।

बुधवार को सुबह से ही कुबेरेश्वरधाम पर घंटियों और शंख की गूंज सुनाई दी। श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर श्रद्धालुओं ने व्यास पीठ का आशीर्वाद किया। सुबह यहां पर जारी यज्ञ का समापन भागवत भूषण पंडित श्री मिश्रा के सानिध्य में करीब आधा दर्जन से अधिक पंडितों की उपस्थिति में विठलेश सेवा समिति की ओर से पंडित विनय मिश्रा, समीर शुक्ला, आशीष वर्मा, मनोज दीक्षित मामा, आकाश शर्मा, यश अग्रवाल, सौभाग्य मिश्रा, रविन्द्र नायक, कुणाल गोस्वामी, बंटी परिहार आदि शामिल थे।

इस संबंध में जानकारी देते हुए विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि बुधवार की सुबह भागवत भूषण पंडित श्री मिश्रा सहित अन्य श्रद्धालुओं ने आस-पास से आने वाली करीब 501 से अधिक कन्याओं का पूजन कर भोग लगाया। चैत्र नवरात्र की नवमी का महत्व इसलिए और बढ़ जाता है, क्योंकि इसी दिन मर्याद पुरुषोत्तम भगवान राम का जन्म हुआ था। इसलिए इस दिन को राम-नवमी कहा जाता है और इस दिन भगवान राम के जन्मोत्सव के रूप में भी मनाया जाता है।

## राम का नाम मोक्ष का मार्ग खोलता हैः पंडित देवेन्द्र शास्त्री



**सीहोर।** श्रीराम कथा जीवन का मार्ग निष्कंटक कराती है। राम का नाम मोक्ष का मार्ग खोलता है। पाप कर्म, संस्कार, पूर्वजन्म के भी साथ रहते हैं, लेकिन कुसंस्कार और सुसंस्कार क्या अपनाना है, ये सुबुद्घि रामकथा देती है। भगवान की भक्ति के कारण ही हनुमान का नाम अजर और अमर है। भगवान के सभी कार्य हनुमान के द्वारा ही हुए है और भगवान श्रीराम के द्वारा रावण का वध भी हनुमान के सहयोग से किया गया है। इसलिए कहा गया है कि राम से बड़ा राम का नाम, राम ने सदैव अपने भक्त को ही उच्च स्थान दिया है। उक्त विचार जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम चंदेरी में जारी श्रीराम कथा के आठवे दिन कथा व्यास पंडित देवेन्द्र शास्त्री ने कहे।

इस संबंध में जानकारी देते हुए यज्ञ के संचालक धर्मरक्षक पंडित दुर्गाप्रसाद कटारे ने बताया कि ग्राम चंदेरी में एकादश कुंडीय श्रीराम महा यज्ञ प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के अलावा संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें हर रोज बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे है। पंडित श्री शास्त्री ने कहा कि भक्तों को भगवान से मिलने के लिए हनुमान से मिलना चाहिए। ऐसा कोई देवता नहीं, जिसके काम हनुमान के बिना होते हैं, वह सभी के काम संवारते हैं। रामजी से मिलना है तो हनुमानजी की प्रार्थना करना आवश्यक है। लंका से लौटने के उपरांत सुग्रीव ने हनुमान को दायित्व दिया था कि वह अयोध्या में ही रहकर रामभक्तों को भगवान श्रीराम से मिलाने का काम संभालेंगे, तब से यह सिलसिला निरंतर जारी है। उन्होंने बताया कि हनुमानजी की वाटिका में पहुंचे और अशोक वृक्ष के ऊपर बैठ गए। इस दौरान उन्होंने सुना कि माता सीता ने तारा, चंद्रमा, त्रिजटा और अशोक वृक्ष से आग मांगी। चारों ही माता सीता की इच्छा पूर्ति नहीं कर पाए। लेकिन अशोक वृक्ष पर बैठे हनुमान जी ने निश्चय कर दिया कि वह अशोक वृक्ष की महत्व को जीवित रखेंगे और जाते हुए उन्होंने पूरी लंका को अग्नि के हवाले कर दिया। इसी दौरान माता सीता ने हनुमान को अजर-अमर होने का वरदान दिया था। हनुमान ने भी भगवान की कथा सुनाकर माता सीता के शोक दूर कर दिए। हालांकि माता सीता ने प्रभु श्रीराम का संदेश सुनकर अग्नि लेने से मना कर दिया था, परंतु हनुमान ने संकल्प पूरा किया और लंका में चारों तरफ अग्नि ही अग्नि दिखाई देने लगी। इसके बाद संजीवनी बूटी लाकर लक्ष्मण जी के प्राण बचाए, भगवान की कथा के माध्यम से ही भरतजी के प्राण बचाए और सीताजी का संदेश सुनकर एक बार जनकजी के प्राण हनुमान द्वारा बचाए गए और भगवान श्रीराम ने रामसेतू का निर्माण कर रावण का वध किया।

## बाबा साहब अंबेडकर के संविधान ने सभी धर्मों का सम्मान और सभी जातियों को प्रतिनिधित्व का अधिकार दियाः कमलेश दोहरे



**सीहोर।** मंगलवार को ग्राम मुस्कुरा में बाबा साहब अंबेडकर की जयंती की जयंती का आयोजन भीम युवा समाज कल्याण समिति द्वारा किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहबअंबेडकरकी प्रतिमा पर माल्या अर्पण कर किया गया। इस मौके पर उपस्थित भिक्कू संघ द्वारा उपस्थित जनों तिशरण एवं पंचशील ग्रहण कराए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कमलेश दोहरे जिला प्रभारी बसपा ने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर के संविधान ने संविधान में सभी धर्म का सम्मान और सभी जातियों को प्रतिनिधित्व का अधिकार दिया है, परन्तु कुछ लोग देश को तोडऩे के उद्देश्य से संविधान के विरोध में दुष्प्रचार करने का काम कर रहे हैं।

ऐसे लोगों से हमें सावधान रहना है। कार्यक्रम को उपस्थित अतिथि सुलेमान भट्ट ने संबोधित करते हुए कहा कि हमें जाति और धर्म से ऊपर उठकर मानवता के लिए कार्य करना चाहिए। इसी से देश का निर्माण होगाऔर आगे कार्यक्रम को प्रमुख रूप से माधव सिंह अहिरवार अनोखी लाल मालवीय नर्सिंग भारती राधा सैनी संजय मालवीय भीम आर्मी आदि अतिथियों ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन गेंदालाल सूर्यवंशी ने किया एवं कार्यक्रम का आभार संतोष बकोरिया ने माना। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रोहित मालवीय, रोहित बकोरिया, पप्पू मालवीय, राजाराम, रामप्रसाद, अमर सिंह, संतोष सिंह, अनिल, करण सिंह, लक्ष्मी नारायण, लखन लाल, मुकेश, दिनेश, धर्मेंद्र, दिनेश बाकोरिया, संतोष बकोरिया, गेंदालाल, सुंदरलाल, देवराज, अमर सिंह, नीरज, अर्जुन, सुनील, धर्मेंद्र, मनोज, राजा, दीपेंद्र, दीपक, जमुना प्रसाद, गेंदालाल, सचिन, संजय, गोलू, हेमंत, प्रहलाद, दीपक मालवीय, कांता प्रसाद, गोवर्धन, मंगलेश, प्रहलाद, प्रेम सिंह, करण सिंह, बबलू मालवीय, अजय मालवीय, धर्मेंद्र मालवीय, मेहरबान मालवीय, अमृतलाल, रामस्वरूप मालवीय, सोनू मालवीय आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### खामखेड़ा जत्रा में आयोजित की जा रही संगीतयमी श्रीमद भागवत कथा

# संचित धर्म और धन विपत्तिकाल में आता है कामः रविशंकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



भगवान भक्त की निर्मलता सरलता पर रीझते है जिस के हदृय में सीता राम लक्ष्मण होते है वही सरल होते है। कठोर बनना सरल है लेकिन सरल बनना कठिन है। विपत्तिकाल में संचित धन और संचित धर्म ही व्यक्ति के काम आता है जीवन का कोई भरोसा नही धन के साथ धर्म भी संचित करना अनिवार्य है उक्त उद्गार श्री हनुमान फाटक मंदिर सीहोर वाले कथा व्यास पं रविशंकर तिवारी ने खामखेड़ा जत्रा में आयोजित श्रीमद भागवत कथा के दौरान श्रद्धालुओं के समक्ष मंगलवार को व्यक्त किए।

उन्होने कहा कि जिस में रस आता है आनंद आता है वही रासलीला है। तीन करोड़ गोपियों ने भगवान को पति रूप में पाने के लिए अनेक जतन किए थे भगवान ने आत्मा रूपी गोपियों को पति रूपी परमेश्वर से मिला दिया। हमें सनातन नियमों से डरना चाहिए क्योंकी हम सबा को रघुनाथजी की अदालत में हाजिर होना है वह धर्म ही चलता है। रघुनाथ जी की भक्ति का ऐसा असर होता है की केवट प्रसंग में जज ही भगवान के भक्त बनकर संत हो जाते है। भक्त में इतनी सरलता होना चाहिए कि भगवान उसकी सरलता मधुरता निर्मलता पर रीझ जाए क्योंकी भगवान सरलता पर जल्दी कृपा करते है। भगवान की लीला को स्वयं ब्राहम्मा नारदजी भी नहीं समझ पाए प्रभु कभी क्या लीला कर दे कोई नहीं समझ सकता है। कथा व्यास पं रविशंकर तिवारी ने एकादशी का वृत मोक्ष वृत कहलाता है। नन्दबाबा ने भी एकादशी वृत किया था घर परिवार में कोई बेकुठधाम चला जाए तो मोक्ष के लिए एकादशी वृत करना चाहिए। श्री तिवारी ने आगामी वर्ष में होने वाली कथा के दौरान एक गरीब कन्या के विवाह किए जाने संकल्प श्रद्धालुओं के समक्ष रखा। राजा परिक्षित और सुखदेव संवाद सुनाते हुए श्री तिवारी ने रूकमणी हरण, रूकमण विवाह, शिव विवाह, सुदामा श्रीकृष्ण मिलन आदि प्रसंग सुनाऐं राजा परिक्षित को मोक्ष प्राप्त हुआ। भागवतजी का यजमानों के द्वारा पूजन कर सात दिवसीय कथा का समापन महाप्रसादी वितरण के साथ किया गया। श्रीमद भागवत कथा सुनने के लिए हजारों श्रद्धालुगण खामखेड़ा जत्रा पहुचे हर्षोउल्लस का माहौल बना रहा। कथा व्यास पं रविशंकर तिवारी के सानिध्य में हरदा जिले में आगामी सात से तेरह मई तक और पंद्रह से इक्कीस मई तक सीहोर के नरसिंह मंदिर परिसर में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा।

### एग्जिट पोल तथा इसके परिणाम का प्रकाशन या प्रचार 19 अप्रैल से एक जून तक प्रतिबंधित

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के दौरान 19 अप्रैल की सुबह 7 बजे से एक जून की शाम 6:30 बजे तक निर्वाचन के संबंध में किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल का आयोजन तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में इसके परिणाम का प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से इसका प्रचार-प्रसार करने पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 28 मार्च 2024 को इस आशय की अधिसूचना जारी कर दी गई है। जारी अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि निर्वाचन के दौरान सभी मतदान क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिये नियत समय पर समाप्त होने वाले 48 घण्टों के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामलों के प्रदर्शन पर भी पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 की धारा 126क में यह प्रावधानित किया गया है कि कोई भी व्यक्ति, कोई निर्गम मत सर्वेक्षण नहीं करेगा और किसी निर्गम मत सर्वेक्षण के परिणाम का ऐसी अवधि के दौरान, जो निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में अधिसूचित की जाए, प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से प्रकाशन या प्रचार या किसी भी प्रकार की अन्य रीति से प्रसार भी नहीं करेगा। यदि कोई व्यक्ति इस प्रावधान का उल्लंघन करेगा, तो वह ऐसी अवधि के कारावास से, जो दो वर्ष तक की हो सकेगी या जुर्माने से या दोनों से, दण्डनीय होगा।

बैंक ऑफ इंडिया राजगढ़ शाखा की घटना, यहां हमेशा रहती है भीड़-भाड़

# राजगढ़ में बैंक गए व्यापारी की जेब से 50 हजार निकाल भागा चोर




बैंक ने नहीं कर रखी पार्किंग की व्यवस्था



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

मुख्यालय पर मेन रोड के किनारे एवं करेड़ी हाऊस के ठीक सामने स्थित बैंक ऑफ इंडिया में मंगलवार को रुपए जमा करवाने गए एक व्यापारी की जेब से अज्ञात चोर 50 हजार रुपए निकालकर ले भागा। व्यापारी कुछ समझ पाता इसके पहले ही चोर रफूचक्कर हो गया। बाद में मौके पर पहुंची पुलिस ने बैंक में लगे सीसीटीवी साथ ही आसपास के अन्य सीसीटीवी फुटेज खंगाले।

जानकारी के अनुसार अक्षत पिता किशोर मेड़तवाल मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे बैंक ऑफ इंडिया में 95 हजार रुपए जमा करवाने गए थे। अक्षत ने कुर्ता पहना हुआ था और एक जेब में 50 एवं दूसरी जेब में 45 हजार की गड्डी रखी थी। इस बैंक में हर समय धक्कामुक्की जैसे हालात रहते हैं। जब अक्षत चैनल गेट से बैंक के अंदर दाखिल होने का प्रयास कर रहा था उसी समय किसी चोर ने कुर्ते की जेब में से 50 हजार निकाले और भाग निकला। शाखा के बाहर इतनी भीड़ थी कि अक्षत उसका पीछा भी नहीं कर पाया। पुलिस सीसीटीवी सहित विभिन्न पहलुओं से मामले की जांच कर रही है।

### इस शाखा में हमेशा रहती है भीड़भाड़

उल्लेखनीय है कि बैंक ऑफ इंडिया की राजगढ़ शाखा के हाल किसी से छिपे नहीं है। बैंक खुलने से लेकर शाम तक यहां खासी भीड़-भाड़ रहती है। चूंकि, यह शाखा मेन मार्केट में स्थित है और अधिकतर एकाउंट इसी शाखा में हैं। ऐसे में धक्कामुक्की करके ही यहां दाखिल हुआ जा सकता है। इसी भीड़भाड़ का फायदा उठाते हुए चोर ने वारदात को अंजाम दिया है।

### पार्किंग न होने से बैंक के बाहर खड़ी होती हैं अनेकों बाइकें

जिस बैंक शाखा के यहां चोरी की यह घटना हुई है यह मेन रोड पर स्थित है। बैंक ने पार्किंग के लिए कोई व्यवस्था नहीं करवाई हुई है। ऐसे में बैंक के ग्राहक अपनी बाईकें मेन रोड के किनारे ही पार्क किया करते हैं। बाईकों की भरमार के साथ ही ग्राहकों की ज्यादा भीड़ के कारण शाखा के प्रवेश द्वार पर हमेशा अनेकों लोगों का जमघट लगा रहता है।

**जांच कर रहे हैं...**

सीसीटीवी से मिले फुटेज के आधार पर हम जांच कर रहे हैं। हमें जल्द ही सफलता मिल जाएगी।

- वीरसिंह ठाकुर, टीआई, कोतवाली, राजगढ़

# सपत्नीक माता जालपा की पूजा कर दिग्विजय ने दाखिल किया नामांकन

## चार अभ्यर्थियों ने 10 नामांकन फार्म जमा किए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

भाजपा प्रत्याशी रोडमल नागर द्वारा सोमवार को नामांकन दाखिल किए जाने के अगले दिन अष्टमी पर इंका प्रत्याशी एवं पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कलेक्टोरेट पहुंचकर अपना नामांकन फार्म जमा किया। इसके पूर्व सिंह पत्नी अमृता सिंह व कुछ कार्यकर्ताओं को लेकर जालपा शक्तिपीठ पहुंचे और विधि-विधान से माताजी की पूजा-अर्चना की।

इसके उपरान्त बगैर लाव-लष्कर व शोर-शराबे के वे कलेक्टोरेट पहुंचे और रिटर्निंग अधिकारी हर्ष दीक्षित के सम्मुख अपना नामांकन दाखिल किया। फार्म दाखिल करने के उपरान्त वे कुछ समय के लिए जिला कांग्रेस कार्यालय पहुंचे। इसके उपरान्त वे सीधे सारंगपुर क्षेत्र में भैंसवा माताजी के दर्षन करने चले गए।

### चार अभ्यर्थियों ने जमा किए 10 नामांकन फार्म

मंगलवार को पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह सहित कुल चार प्रत्याशियों द्वारा आठ नाम-निर्देशन पत्र जमा करवाए गए हैं। सिंह ने खुद खर नामांकन जमा किए। इसके अलावा पूर्व में फार्म जमा कर चुके समता समाधान पार्टी के अशोक तंवर द्वारा दो, बसपा प्रत्याशी राजेंद्र प्रसाद द्वारा दो एवं निर्दलीय अनिल जैन द्वारा 2 नामांकन जमा करवाए गए। आपको बतादें कि नामांकन फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 19 अप्रेल निर्धारित है। इन सभी नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा (जांच) 20 अप्रैल को होगी। इसके उपरान्त 22 अप्रैल तक नाम वापस लिए जा सकेंगे।

## आंगनवाड़ी केंद्रों पर रंगोली बनाकर किया मतदान को जागरुकता



**इकलेरा।** ग्राम पंचायत इकलेरा में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मंगलवार को मतदान के प्रति नागरिकों में जागरूकता लाने के लिए स्वीप गतिविधियां आयोजित की गई। जिसमें इकलेरा गांव की ग्राम पंचायत स्तर एवं आंगनवाड़ी केंद्रों पर रंगोलिया बनाकर एवं मतदाताओं के घर-घर जाकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया होने वाले लोकसभा चुनाव में बिना लोभ लालच के मतदान करने हेतु प्रेरित किया साथ ही नागरिकों को मतदान के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया वह लोगों को शपथ दिलवाई गई इसी क्रम में रोजगार सहायक अशोक पाटीदार एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

**बोडा तहसील ऑफिस के सामने हुआ हादसा**

# बाइक के टायर में फंसी महिला की साड़ी, गिरने से हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले के बोडा क्षेत्र में बाइक के टायर में एक महिला की साड़ी उलझने से गंभीर रूप से घायल महिला की बाद में मौत हो गई। बाइक को मृतिका महिला का पति चला रहा था। जिला अस्पताल में महिला के पोस्टमार्टम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया। महिला के साथ ही पेट में पल रहे बच्चे की भी मौत हो गई

जानकारी के अनुसार बसंतीबाई उम्र 23 साल और उनके उनके पति दीवान सिंह वर्मा निवासी ग्राम सुकली मंगलवार दोपहर बाइक से कहीं जा रहे थे। इस दौरान बोडा तहसील ऑफिस के सामने बसंतिबाई की साड़ी का पल्लू बाइक के टायर में उलझ गया। दुर्घटना में पति-पत्नी दोनो नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद महिला को राजगढ़ जिला चिकित्सालय रेफर किया गया जहां चिकित्सकों ने बसंतीबाई को मृत घोषित कर दिया।

### पेट में पल रहे बच्चे की भी मौत

मृतिका बसंतीबाई 9 माह की गर्भवती थी। हादसे में पेट में पल रहे बच्चे की भी मौत हो गई। मृत बच्चे को अस्पताल पुलिस चैकी द्वारा परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

# माता के जयकारों के साथ हुआ गरबे का समापन

## मां मनसा पूर्ण वैष्णो देवी मंदिर परिसर में तीन दिवसी गरबे का चल रहा था आयोजन

**ब्यावरा।** शहर स्थित मां मनसा पूर्ण वैष्णो देवी मंदिर परिसर में तीन दिवसी गरबे का आयोजन समापन हुआ। जयकारे और माता की भेटों पर बच्चों ओर बच्चीयों ने किया गरबे का नृत्य। समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे ब्यावरा थाना प्रभारी वीरेंद्र धाकड़ पहुंचे जिसमे बच्चों को किया गया। पुरस्कृत प्रमाण पत्र देकर बढ़ाया बच्चों का हौसला समिति के पूर्व अध्यक्ष दिलीप सिंह राजपाल ने बताया कि मंदिर समिति ट्रस्ट द्वारा चैत्र मास की इस नवरात्रि पर्व पर प्रथम वर्ष मंदिर परिसर में गरबे का आयोजन किया गया। जिसमें ब्यावरा शहर में कई वर्षों से संचालित खालसा डांस एकेडमी के 150 बच्चों ने भाग लिया। वहीं अन्य समाज की और भी कई बच्चियों और महिलाओं ने यहां पर गरबे कर माता रानी को प्रसन्न किया। श्री सिंह ने बताया कि सभी को माता रानी का प्रसाद और बच्चों को उपहार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिसमे प्रथम दिन मराठी दूसरे दिन बंगाली और



आज गुजराती वेशभूषा में बच्चियों द्वारा गरबा किया गया उन्होंने बताया ट्रस्ट द्वारा आगे भी इस तरह के गरबे के आयोजन करने का समिति ने निर्णय लिया गया है। जिसमें 20 तारीख को विशाल कन्या भोज का भी आयोजन किया गया है। इस मौके पर अकादमी के संचालक जितेंद्र सिंह बाती समिति अध्यक्ष कमल खस पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अखिलेश जोशी सामाजिक संस्था खुशियों के ओटले के संचालक डॉ सुरजीत सिंह अनिल सोनी बजरंगी चौहान रवि साहू योगेंद्र बना पवन अग्रवाल साहित बड़ी संख्या में महिलाएं व बच्चे मौजूद रहे।

**खोयरी रोड पर हुआ हादसा**

# विवाह पत्रिका बांटकर लौटे रहे पिता-पुत्र हादसे में हुए घायल

**राजगढ़।** स्थानीय खोयरी महादेव मंदिर जाने वाली सडक पर मंगलवार देर शाम बाइक एक खंबे से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें बाद में जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां से परिजन उन्हें निजी अस्पताल चले गए। जानकारी के अनुसार फूटा तालाब निवासी हरिसिंह उम्र 25 साल एवं उनके पिता जगन्नाथ उम्र 45 साल शादी की पत्रिका बांटकर गांव लौट रहे थे। इस दौरान खोयरी रोड पर इनकी बाइक एक खंबे से जा भिड़ी। दुर्घटना में वे घायल हो गए। हादसे की सूचना पर मौके पर पहुंची एम्बुलेंस से उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया गया। यहां प्राथमिक उपचार उपरान्त उन्हें रेफर कर दिया गया।

### हादसे को आमंत्रित कर रहा सड़क के बीच लगा बिजली पोल

स्थानीय खुजनेर रोड पर चाटूखेड़ा जोड़ की सीसी सड़क के यहां पीडब्ल्यूडी द्वारा डामरीकरण कार्य करवाया गया है। डामर की सड़क बनाते समय ठीक बीच रास्ते में एक विद्युत पोल भी लगा हुआ था। इस पोल को बगैर हटाए ही ठेकेदार आगे सड़क का निर्माण कर दिया। अब रोड के बीचों-बीच लगे इस पोल से बड़े हादसों की संभावना बनी हुई है।

# हनुमान जन्मोत्सव पर निकलेगा भव्य चल समारोह

## हिन्दू उत्सव समिति की बैठक आयोजित, राजू चौरसिया संयोजक, वल्लभ नाहर, छोटू पुष्पद बने सह संयोजक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

नगर में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। इस पर्व पर परंपरा के अनुसार हिंदू उत्सव समिति द्वारा भव्य चल समारोह निकाला जाएगा।

चल समारोह की तैयारियों को लेकर सोमवार को हिंदू उत्सव समिति की बैठक का आयोजन स्थानीय गायत्री मंदिर परिसर में किया गया। जिसमें चल समारोह को भव्य रूप देने और चल समारोह की व्यवस्थाओं का विकेंद्रीकरण करने के लिए चर्चा की गई। जानकारी देते हुए हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष प्रिंस छाबड़ा ने बताया कि भव्य चल समारोह श्री हनुमान जन्म उत्सव के उपलक्ष में 23 अप्रैल शाम 5 बजे ढकोरा रोड हनुमान मंदिर से निकाला जाएगा। जिसका समापन चिंताहरण मंदिर पर होगा। बैठक में आयोजन को लेकर संयोजक और सह संयोजक भी



तय किए गए। कार्यक्रम के संयोजक राजू चौरसिया को बनाया गया। जबकि सह संयोजक वल्लभ नाहर और छोटू पुष्पद को बनाया गया।

डॉ अशोक अग्रवाल, जेएल मारोठिया, पवन कुशवाह, मुकेश सेन, अरविंद शर्मा, रामगोपाल शर्मा, अजय ठाकुर, हिमांशु सोनी, नीरज शर्मा, सचिन, श्रीनाथ दांगी, कृष्ण मोहन शाक्यवार सहित कई लोग मौजूद थे। इस बारे में जानकारी देते हुए हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष प्रिंस छाबड़ा ने बताया कि बैठक में तय किया गया कि इस बार चल समारोह परंपरा के अनुसार स्थानीय ढकोरा रोड स्थित हनुमान मंदिर से शुरू होगा। जो नगर के विभिन्न मार्गों से होता हुआ चिंताहरण मंदिर पहुंचेगा। जहां महाआरती के बाद समापन होगा। चल समारोह ढकोरा रोड हनुमान मंदिर से शुरू होकर सुठालिया रोड, मेन बाजार, अहिंसा द्वार और मेन रोड होते हुए चिंताहरण हनुमान मंदिर पर पहुंचेगा। जहां महाआरती की जाएगी। चल समारोह में भगवान श्री रामदरबार की आकर्षक झांकी सजाई जाएगी। साथ ही भगवा पताका व आकर्षक साजो सामान के साथ चल समारोह निकलेगा। उन्होंने सभी नगरवासियों से भव्य चल समारोह में शामिल होने का आग्रह किया है।

# पुलिस थाने के मुख्य गेट के सामने लगता है बार-बार जाम

**जीरापुर।** नगर के प्रमुख व्यस्ततम मार्गों पर बार-बार जाम लगता है। समस्या से प्रशासन को भी अवगत कराया परंतु ना प्रशासन का ध्यान ना प्रशासन का।

प्रशासन को नगर के प्रमुख मार्गों पर लगने वाले जाम से निजात एवं समस्या का कोई स्थाई निराकरण हेतु समाचार पत्रों के माध्यम से अवगत कराया जा रहा है लेकिन प्रशासन का भी इस ओर कोई ध्यान नहीं है। नगर के पुलिस थाने के सामने ही थोड़ी-थोड़ी देर में लगता है। जाम इसके पीछे मुख्य कारण सड़क पर खड़ी अव्यवस्थित मोटरसाइकिल एवं अन्य वाहन जाम की स्थिति को निर्मित करते हैं। नवरात्री एवं ईद



पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक के दौरान तहसीलदार की मीटिंग में आते समय जाम में वाहन रूक गई जिसे अन्य वाहनों को हटाकर निकाला गया था। मीटिंग में भी इस जाम एवं बाहरी अतिक्रमण का मुद्दा उठा लेकिन स्थाई रूप से निराकरण पर अभी तक प्रशासन नहीं पहुंचा। जिससे आम नागरिक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्र से खरीदी करने वाले लोगों को परेशानी झेलना पड़ रही है। प्रशासन चाहे तो इस समस्या से निजात दिला सकती है।

**लगातार दूसरे वर्ष होने वाले आयोजन के प्रति लोगों में उत्साह, सामूहिक पाठ होने से श्रद्धालु उत्साहित**

**श्री अंजनीलाल मंदिर धाम पर होगा भव्य आयोजन**

# हनुमान जन्मोत्सव पर होगा सामूहिक सुंदरकाण्ड पाठ का आयोजन, पंजीयन की प्रक्रिया शुरू, शामिल होने किया आग्रह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

श्री अंजनीलाल मंदिर धाम पर आगामी 23 अप्रैल को श्री हनुमान जन्मोत्सव को भव्यता के साथ मनाया जाएगा। इस दिन मंदिर धाम पर लगातार दूसरी वर्ष सामुहिक सुंदरकाण्ड का अद्वितीय आयोजन किया जायेगा। इसके लिए पंजीयन की प्रकिया भी शुरू कर दी गई है। पंजीयन पूरी तरह निशुल्क है।

श्री अंजनीलाल मंदिर ट्रस्ट परिवार द्वारा इस संबंध में गत वर्ष की तरह नगर की सभी सुंदर काण्ड मंडलियों और आम श्रद्धालुओं से आयोजन में प्रभावी उपस्थिति के साथ शामिल होने का आग्रह किया गया है। इस अद्वितीय आयोजन में सुंदर काण्ड मंडलियों के साथ ही नगर के सभी श्रद्धालु भक्तजन पूरे उत्साह और विश्वास के साथ इस आयोजन को सफल बनाने की कामना करते हुए नगर में मंदिर ट्रस्ट परिवार ने शुरू की गई इस परंपरा को गति देने का दिल से प्रयास कर रहे है। उल्लेखनीय है कि नगर में गत वर्ष से श्री अंजनीलाल मंदिर ट्रस्ट परिवार ने एक नई परंपरा की शुरूआत की थी। जिसमें हनुमान जन्मोत्सव पर नगर के बड़ी तादाद में लोगों ने शामिल होकर सामुहिक सुंदरकाण्ड पाठ किया था। यह आयोजन अपने आप में अनूठा और अद्भुत था। गत वर्ष जो लोग शामिल हुए थे वे आज भी इस आयोजन के रोमांच, उत्साह और इसके प्रभाव का असर महसूस करते है।

### पुरूष वर्ग के साथ ही महिला वर्ग भी आमंत्रित

श्री हनुमान जयंति पर सामुहिक सुंदरकाण्ड का आयोजन मंदिर धाम पर स्थित सभा भवन के सामने वाले परिसर में होगा। नगर के कोई भी व्यक्ति, महिला वर्ग इस आयोजन में आमंत्रित है। मंच के बायी व दायी और महिलाओं, पुरूषो के बैठने की प्रथक से व्यवस्था होगी। सभी आमंत्रित श्रद्धालु पुरूषों की वैश भूषा सफेद कुर्ता, पायजामा अथवा, धोती होगी जबकि महिलाओं, युवतियों को पीली साड़ी, पीले वस्त्र धारण करते हुए मंदिर धाम पर पधारना होगा।

### निर्धारित सुर व नया अंदाज होगा सुंदरकाण्ड पाठ का

सुंदरकाण्ड पाठ की विशेषता यह होगी कि इसमें सभी एक निर्धारित सुर व एक अनूठे अंदाज में भावपूर्ण रूप से सामुहिक पाठ करेंगे। इसमें कोई भजन या विश्राम नहीं होगा। बिना रूके पूरे सुंदरकाण्ड का पाठ किया



जायेगा। 'सामुहिक सुंदरकाण्ड' के आयोजन में नगर के सभी महिला-पुरूष, बालक-बालिकाएं जो सही उच्चारण के साथ पाठ कर सकते है उन्हें भी सामुहिक पाठ करने हेतु आमंत्रित किया गया है।

### सुंदरकाण्ड पाठ के बाद होगी सामूहिक आरती

मंच के ठीक सामने निर्धारित आसन पर बैठकर विधिवत सामुहिक सुंदरकाण्ड पाठ करने वालों की न्यूनतम संख्या 251 होगी जबकि आम श्रद्धालुओं की संख्या का कोई निर्धारण नहीं किया गया है। जो भी सामुहिक पाठ के लिये रूचि रखेगा उसका स्वागत किया जायेगा। 'सामुहिक सुंदरकाण्ड' के बाद उस समय मौजूद जितने भी श्रद्धालु होंगे वे सभी भगवान श्री अंजनीलाल की सामुहिक आरती उतारेंगे। इसके लिये सभी श्रद्धालुओं को आरती करने के लिये आवश्यक प्रबंध किये जायेंगे।। मंदिर ट्रस्ट परिवार ने इस आयोजन में सभी सुंदरकाण्ड समितियों से तथा नगर के आम श्रद्धालुओं से प्रत्यक्ष रूप से परिवार सहित शामिल होकर श्री हनुमान जयंति पर अधिकाधिक संख्या में पहुंचकर एक नया धार्मिक इतिहास रचने का आह्वान किया है।

### सामूहिक पाठ के लिए कराना होगा पंजीयन

सामुहिक सुंदरकाण्ड में शामिल होने हेतु श्री अंजनीलाल मंदिर ट्रस्ट परिवार ने आम श्रद्धालुओं से पंजीयन कराने का आग्रह किया है। पंजीयन का कोई शुल्क नहीं है। मंदिर ट्रस्ट परिवार द्वारा मंदिर धाम पर प्रतिदिन प्रातरू 9 से दोपहर 12 बजे तक पंजीयन करने की व्यवस्था की गई है। सुंदरकाण्ड का आयोजन मंगलवार 23 अप्रैल को होगा लेकिन इसका पंजीयन 20 अप्रैल तक किया जायेगा। पहले आवो, पहले पावो की धारणा के साथ पंजीयन कराया जा सकता है। मंदिर ट्रस्ट परिवार द्वारा इस वर्ष 251 श्रद्धालुओं के लिय सामुहिक सुंदरकाण्ड में शामिल होने हेतु व्यवस्था की जा रही है। इसके लिये अलग से बैठक, आरती, प्रसादी आदि की व्यवस्था की जायेगी। जैसे ही यह संख्या पूरी हो जायेगी पंजीयन बंद कर दिया जायेगा। यद्यपि इससे अधिक संख्या बढने पर भी कोई भी सामुहिक पाठ में शामिल हो सकेगा लेकिन निर्धारित बैठक व्यवस्था में शामिल नहीं हो पायेगा। इस मर्तबा श्री हनुमान जन्मोत्सव के दिन संयोग से मंगलवार का दिन भी है इसलिये आम श्रद्धालुओं में सामुहिक सुंदरकाण्ड पाठ के लिये अधिक उत्साह देखने को मिल रहा है।

## खबर संक्षेप

### महावीर जन्म कल्याणक दिवस पर 21 को लगेगा रक्तदान शिविर

**आष्टा।** जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर वर्तमान शासन नायक भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव के पावन दिवस पर दिगंबर जैन समाज द्वारा मुनि संघ के पावन सानिध्य में 21 अप्रैल को सुबह 7 बजे किला मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। वहीं जादूगर ग्रुप द्वारा सुभाष चौक पर दोपहर 2 से 5 बजे तक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया है। भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव पर रविवार 21 अप्रैल को श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर से परम पूज्य वात्सल्य भाव के धनी समाधि सम्राट मुनिश्री भूतबलि सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि मौन सागर महाराज ससंघ सानिध्य में भगवान महावीर स्वामी की प्रतिमा स्वर्ण रथ पर विराजमान कर शोभायात्रा निकाली जाएगी।जो किला मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई वापस किला मंदिर पर पहुंचेगी। वहां पर पूज्य मुनि सागर महाराज के आशीष वचन होंगे। डॉक्टर नेहा अरोरा ने बताया कि 21 अप्रैल को दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक सुभाष चौक नजर गंज पर जादूगर ग्रुप द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया है। रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक रक्तदाता रक्तदान करें।

### नवरात्रि के अंतिम दिन भंडारे में उमड़ा सैलाब

**सीहोर।** शहर के विश्रामघाट स्थित चौसट योगिनी मरीह माता मंदिर में चैत्र नवरात्रि के अंतिम दिन है और इस दिन मां भगवती की 9वीं शक्ति मां सिद्धिदात्री देवी की पूरे विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की ऐसा विश्वास है कि इनकी पूजा पूरे विधि विधान के साथ करने वाले उपासक की सभी मनोकामनाएं पूरी हो जाती हैं। नवरात्रि का पर्व आस्था और उत्साह के साथ मनाया, इस मौके पर बुधवार की सुबह चार बजे से ही यहां पर भक्तों के आने का सिलसिला शुरू हो गया था, जो देर रात्रि तक जारी रहा। नवरात्रि के अंतिम दिन यहां पर मौजूद श्रद्धालुओं के द्वारा मां दुर्गा की नौवीं शक्ति मां सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना की गई।

साईं मंदिर में हुआ भंडारा, निकली पालकी, सेंधव समाज ने निकाली शोभायात्रा

# रामनवमी: मंदिरों में दिन भर चलता रहा हवन पूजन, महाआरती और भंडारों का सिलसिला





राम नवमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान भगवान राम के मंदिरों में सजावट के साथ विशेष पूजा-अर्चना हवन पूजन की गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



बुधवार को राम नवमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान भगवान राम के मंदिरों में सजावट के साथ विशेष पूजा-अर्चना हवन पूजन की गई। बुधवार को 12 बजते ही बुधवारा स्थित राम मंदिर में आरती हुई। उसके बाद प्रसाद वितरण किया। नगर सहित ग्रामीण अंचलों के राम मंदिरों में दिन भर भक्तों की भीड़ उमड़ी।

### शौर्य समिति ने निकाली शोभा यात्रा

माँ पार्वती की नगरी आष्टा में सैंधव क्षत्रिय राजपूत युवा संगठन,शौर्य समिति आष्टा ने रामनवमी के पावन अवसर पर श्रीराम जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया। बुधवार सुबह गायत्री मन्दिर आष्टा पर सैकड़ो की संख्या में समाजिक वरिष्ठजन, युवा जन इक्कठे होकर, नगर के मुख्यमार्ग से केसरिया पगड़ी पहने जय श्रीराम के जयजयकार करते हुए शौर्य यात्रा के रूप में निकले। इस दौरान श्रीराम भक्ति गीतों की संगीतमय आवाज पर शौर्य यात्रा में शामिल भक्त अपने पैरों को थिरकने से नही रोक सकें ने का मन मोह लिया। दोपहर 12 बजे भगवान रामलला का जन्म होने पर जय श्रीराम के जयघोष से श्रीराम सैंधव क्षत्रिय राजपूत समाज छात्रावास प्रांगण गूंज उठा और लोगों ने एक दूसरे को भगवान श्री राम के जन्म उत्सव की बधाई देकर आरती की एवं भोजनप्रसादी ग्रहण की। सफल आयोजन के लिए समिति अध्यक्ष शेलेन्द्र ठाकुर ने विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, नपा प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, मंडल अध्यक्ष अतुल शर्मा,रुपेश राठौड़ सहित समस्त नगर के गणमान्य लोगों का आभार माना जिन्होंने मंचीय स्वागत किया, इस अवसर पर समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री महेंद्र सिंह मकवाणा,पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह अगेर,मान सिंह इलाही,सूरज सिंह ठाकुर,पोपसिंह ठाकुर,हरपालसिंह ठाकुर, जितेंद्र शोभाखेड़ी,दशरथसिंह ठाकुर,गोपाल सिंह ठाकुर,विजेंद्रसिंह ठाकुर,कृपाल पाटाड़ा,हरिसिंह ठाकुर,जीवन सिंह ठाकुर,तेज सिंह ठाकुर,धीरजसिंह ठाकुर,लोकेंद्र भाटी,पुष्पेंद्र ठाकुर,नरेंद्र ठाकुर,अकेसिंह ठाकुर,जय सिंह ठाकुर,जयपाल ठाकुर,अर्जुन ठाकुर,धर्मेंद्र ठाकुर, जितेन्द्र सिंह ठाकुर, चेतन ठाकुर, गोलू ठाकुर, गजराज सिंह ठाकुर,हरेन सिंह ठाकुर, राजेन्द्र सिंह ठाकुर सैकड़ोंकी संख्या में समाजजन एवं मातृशक्ति आयोजन में शामिल हुए, कार्यक्रम का सफल संचालन जीवन सिंह ठाकुर अध्यापक और पुष्पेन्द्र सिंह ठाकुर ने किया और अंत में आभार लोकेन्द्रसिंह सिंह ठाकुर ने व्यक्त किया।

### साईं मंदिर में हुआ भंडारा

राम नवमी के पावन पर्व पर साईं कॉलोनी स्थित साईं मंदिर में भी कई आयोजन हुए। इस अवसर पर श्रद्धालु साईं भजनों पर नाचते-गाते नजर आए। मंदिर गुरु सीताराम यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि सुबह प्रातः काल में दूध, चंदन, हल्दी, गुलाब फुल जल से साईं बाबा का भव्य अभिषेक हुआ।घर में सुख समृद्धि और नगर में सुख शांति के लिए श्रद्धालुओं ने दोपहर में हुए हवन में दुख व कष्ट के निवारण हेतु यज्ञ में आहुति दी। साथ ही साईं बाबा के दर्शन कर सुख समृद्धि और घर के मंगलमय की कामना भी की। वहीं इसी के साथ सभी श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसादी ग्रहण किया।

### नगर के मुख्य मार्गों से निकाली गई साईं बाबा की भव्य पालकी

साईं बाबा की पालकी दोपहर 4 बजे साईं मंदिर से ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य जुलूस के रूप में प्रारंभ हुई। जिसमें श्रद्धालु साईं भजनों पर झूमते नजर आए। साईं बाबा की भव्य पालकी का नगर में जगह- जगह नगरवासियों ने भव्य स्वागत किया। इसी के साथ पालकी नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए पुनः साईं मंदिर पहुंची।






# लापरवाही: चरनाल के मुख्य मार्ग पर हुआ बड़ा गड्ढा

यात्री सहित रहवासी हो रहे परेशान



**दाराहा/अहमदपुर।** बस स्टैंड के पास इस तरह मार्ग हो रहा जर्जर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ दोराहा/अहमदपुर

जिले के अहमदपुर से सटे लगे चरनाल में चरनाल बस स्टैंड पर प्रधानमंत्री सड़क पर बड़ा गड्ढा हो गया है। ग्रामीणों को यहां से निकलने में परेशानी हो रही है। राहगीर और यहां के दुकानदार बड़े परेशान है। गड्ढे के कारण यहां पर दुर्घटनाएं हो रही है। अनेक लोग घायल हो गए हैं। सड़क पर भरा पानी दलदल में बदल गया है। चरनाल बस स्टैंड के ग्रामीणों ने बताया कि यहां पर चरनाल हिगोनी सड़क पर बड़ा गड्ढा है। इस गड्ढे में पानी भरा रहता है। चरनाल बस स्टैंड पर दुकानदारों और चरनाल गांव के ग्रामीणों का कहना है कि यहां पर पानी निकालने के लिए नाली भी नहीं बनाई गई है।

इसके कारण यहां पानी सड़क पर गड्ढे में ही भरा रहता है। समय के साथ पानी कीचड़ में तब्दील हो जाता है। जिसके कारण यहां पर दलदल हो गया है। ग्रामीण जब यहां से निकलते हैं तो इस गड्ढे को समझ नहीं पाते हैं और वहां पर दुर्घटनाएं हो जाती हैं। इसके बावजूद यहां पर सुधार नहीं हुआ है। जिसके कारण राहगीर यहां से निकलने के लिए मजबूर है। चरनाल के लोगों का कहना है कि प्रधानमंत्री सड़क तो बना दी गई है। लेकिन इसकी देखरेख करने वाला कोई नहीं है स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने कई बार जिम्मेदारों को इस संबंध में अवगत करा दिया है। लेकिन इसके बाद भी कोई इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। ग्रामीणों ने अपनी समस्या का जल्द से जल्द समाधान करने की मांग की है।

### गड्ढा यात्रियों के लिए बन रह मुसीबत का कारण

चरनाल से हिंगोनी को जोड़ने वाली सड़क चरनाल के बस स्टैंड से होकर गुजरी है। चरनाल के बस स्टैंड पर बना बड़ा गद्दा आने वाले यात्रियों के लिए भी मुसीबत का कारण बन रहा है। दूर दराज और आसपास के गांव के लोग जब चरनाल बस स्टैंड पर पहुंचते हैं तो इस गड्ढे से होकर गुजरते हैं ऐसा यात्रियों का कहना है, बस स्टैंड पर बैंक ऑफ़ इंडिया भी मौजूद है। आसपास के ग्रामीण जब बैंक में पैसा निकालने और जमा करने जाते हैं तब भी इसी गड्ढे से होकर गुजरते हैं। वहीं बैंक में आने वाले उपभोक्ताओं का भी यह कहना है कि गड्ढा इतना बड़ा हो गया है कि अगर अनजान आदमी इस रास्ते से गुजर जाए तो दुर्घटना का शिकार हो जाता है। ग्रामीणों ने सड़क को ठीक करने की मांग की है।

### महावीर जन्म कल्याणक दिवस पर रक्तदान शिविर

**आष्टा।** भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव पर दिगंबर जैन समाज द्वारा मुनि संघ के सानिध्य में 21 अप्रैल को किला मंदिर से शोभायात्रा निकाली जाएगी। वहीं जादूगर ग्रुप द्वारा सुभाष चौक पर रक्तदान शिविर आयोजित किया गया है। जन्म कल्याणक महोत्सव पर पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर से मुनि मौन सागर महाराज ससंघ सानिध्य में भगवान महावीर स्वामी की प्रतिमा स्वर्ण रथ पर विराजमान कर शोभायात्रा निकाली जाएगी।

# प्रभु की कृपा ही समाज व व्यक्ति की प्रगति का प्रमुख कारण है: परमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



गत एक सप्ताह से आष्टा के कुशवाह समाज के मंदिर में श्री राधाकृष्ण, श्री राम दरबार, शिव लिंग के साथ ही कुलदेवता प्रभु लव कुश की प्रतिमाओं की स्थापना हेतु प्राण प्रतिष्ठा समारोह, हरिहर यज्ञ के साथ ही श्री मद भागवत कथा का आयोजन सफलता पूर्वक संचालित होकर समापन हुआ।

इस अवसर पर सामूहिक भंडारे के साथ ही सम्मान समारोह का आयोजन भी कुशवाह समाज ने आयोजित किया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार का समाज पटेल मनोज कुशवाह, पूर्व पार्षद माखन कुशवाह, पूर्व जिलाध्यक्ष कुशवाह समाज कैलाश कुशवाह, आयोजन समिति के सदस्य हुकुम चंद्र कुशवाह, अजीत कुशवाह, मिश्रीलाल कुशवाह, गोकुल कुशवाह, भीमा कुशवाह, मीडिया प्रभारी बलराम कुशवाह ने सम्मान पत्र तथा स्वागत दुपट्टा पहना कर स्वागत किया। साथ ही प्रतीक चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर अपने उद बोधन में कहा की कुशवाह समाज अत्यंत ही मेहनत कश है। इस समाज ने स्वयं के संसाधनों से त्रि स्तरीय कार्यक्रम एक सप्ताह से कर समूचे आष्टा को भक्ति के रंग से सरोबार कर दिया है। आयोजन से हर घर में प्रभु की साधना आराधना हुई है और यही शक्ति हम सब की प्रगति में सहायक होगी।

परमार ने आगे कहा की प्रभु ही एकमात्र सहारा है इस सच्चाई को हमेशा स्मृति में रखना चाहिए। इस आयोजन को नगर पुरोहित मनीष पाठक, डॉ दीपेश पाठक ने अपने शास्त्र ज्ञान से धार्मिक रूप से निर्विधिन सम्पन्न कराया है। पूर्व नपाध्यक्ष परमार ने कुशवाह समाज को बधाई देकर सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया।

# जावर में लाखनदेव के दरबार में लगा भक्तों का मेला





हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

मां नेवज नदी के तट पर बाबा लाखन देव के दरबार में नवमी के दिन लगा भक्तों का मेला आस्था और विश्वास का संगम है। भक्तों का मेला अधिक भक्त अपनी मनोकामनाएं पूर्ण होने के बाद बाबा लाखन के दर्शन करने पहुंच रहे है। इसी दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने महाआरती में भाग लिया। वहीं समिति के सदस्यों ने व्यवस्था संभाली। बाबा लाखन के यहां राम नवमी के दिन गोद भराई और लखवा के लोगों की परेशानी दुर की गई। दरबार में जिले सेहित प्रदेश के दुसरे जिलों से भी दुर-दुर से भक्त अपनी मनोकामनाएं लेकर पहुंचे। बाबा लाखन देव का दरबार आस्था और विश्वास का कैंद्र बना हुआ है।

मुनि पुण्य सागर महाराज का नगर प्रवेश, जैन मंदिर में दिए गए आशिर्वचन

# संसार का नियम है जन्म लिया है तो मरण भी होगा: पुण्य सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



संसार का नियम है जन्म लिया है तो मरण भी होगा।आष्टा में साधु- संतों का आना-जाना लगा रहता है,सानिध्य मिलता है। यहां पहले ही 3 साधु विराजित हैं, 19 साधु और मिल गए,सोने पर सुहागा हो गया। जैन साधु- संत पद बिहारी होते है।जब साधु -संतों का मिलन होता है तो बहुत ही अदभुत क्षण होता है,काफी प्रसन्नता होती है। गुरु का वियोग इन रत्नाधारी के चेहरे पर नजर आ रहा है। माता- पिता एवं गुरु का वियोग होने पर बहुत कमी महसूस होती हैं,अपने से बड़ों की महिमा बहुत है।जब गुरु का आशीर्वाद बरसता है तो शिष्य का कायाकल्प हो जाता है। मुनि, आचार्य भगवंतों का सानिध्य प्राप्त होता रहेगा। उक्त बातें नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर नगर प्रवेश के पश्चात आशीष वचन देते हुए आचार्य अजीत सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि पुण्य सागर महाराज एवं मुनिश्री भूतबलि सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि सागर महाराज ने कहीं। मंगलवार को सुबह मुनि पुण्य सागर महाराज सहित 19 पिच्छी का संघ का नगर प्रवेश कालौनी चौराहा से हुआ।

प्रवचन की जानकारी देते हुए समाज के नरेन्द्र गंगवाल ने बताया कि मुनि पुण्य सागर महाराज ने आशीष वचन देते हुए कहा कि स्वप्न में भी हमने आष्टा भंवरा जाने का नहीं सोचा था, लेकिन संयोग बने।हम अपने पिता तुल्य गुरुदेव अजीत सागर महाराज की जन्म भूमि भंवरा में है यह पता थी,हम वहां पर पहुंचे,वह जन्म स्थली स्वर्ग के समान है। जन्म स्थली को भूलना नहीं चाहिए। संयम का मार्ग गुरु ने प्रारंभ किया। चतुर्थ पटाधीश के रूप में अजीत सागर महाराज जाने जाते हैं।आष्टा में साधु- संतों का आना-जाना लगा रहता है। सानिध्य मिलता है।सोने में सुहागा, 19 साधु और मिल गए। तीन संत पहले से है। जैन साधु- संत पद बिहारी है।

आपने कहा जब साधु -संतों का मिलन होता है तो काफी प्रसन्नता होती है। गुरु का वियोग इन रत्नाधारी के चेहरे पर नजर आ रहा है। माता- पिता एवं गुरु का वियोग होने पर अनाथ जैसे हो जाते हैं,अपने से बड़ों की महिमा बहुत है।जब गुरु का आशीर्वाद बरसता है तो शिष्य का कायाकल्प हो जाता है।संसार का नियम है जन्म लेना और मरण करना। दुनिया में अनेक कला है। गुरु हमारे पथ प्रदर्शक है।मरण को शुमरण बनाना है तो गुरु जरूरी है। अनेक साधुओं ने समाधि मरण किया है। अनगिनत बार मर चुके हैं,सुमरण, सम्यक दर्शन करने की आवश्यकता है।इस पावन स्थल पर मुनि भूतबलि सागर महाराज ने समाधि मरण करके अपना जीवन सुधार लिया।हम भी समाधि मरण करें। गुरु के बिना मोक्ष मार्ग प्रशस्त नहीं। गुरु के बिना जीवन शून्य, अधूरा है। मुनि श्री ने कहा आष्टा में 40--50 वृति है।यह संतों के सानिध्य के कारण। संग्रहित पूंजी को चारों दानों में लगाएं।अपने जीवन के अंदर भाग्य को जगाएं। दिगंबर अवस्था प्राप्त करना है तभी कल्याण होगा। गुरु भक्ति कभी व्यर्थ नहीं जाती है। आचार्य शांति सागर महाराज के कारण आज संतों के दर्शन पूरे देश में मिल रहे हैं। मैं तो गुरु आपको छोटी सी नदी पार करा रहा हूं आप मुझे संसार समुद्र से पार करा देना।जीवन में देव,शास्त्र,गुरु का सानिध्य मिला है।उसे प्राप्त कर अपना जीवन सफल करें। मुनि सागर महाराज ने कहा मुनियों, आचार्य भगवंतों का सानिध्य हमेशा मिलता रहेगा।आप सभी भाग्यशाली और पुण्य शाली भी है। आचार्य अजीत सागर महाराज के दर्शन नहीं हुए लेकिन उनके शिष्य पुण्य सागर महाराज के समीप बैठ कर ऐसा लग रहा है कि हम अजीत सागर महाराज के पास बैठे हैं। हमें रत्नात्रय अंगीकार करना होगा।बाल ब्रह्मचारिणी वीणा दीदी ने कहा कि आष्टा में आदिनाथ भगवान की प्रतिमा देखकर अभिभूत हुए।

बहुत ही चमत्कारी प्रतिमा है। आष्टा बहुत धर्म प्रिय नगरी है। हमारी भूमि से अजीत सागर महाराज जन्में, उनके दर्शन आप लोगों ने नहीं करें,लेकिन आज उनके शिष्य मंच पर है।38 वर्ष पहले पुण्य सागर महाराज जी को अजीत सागर महाराज ने दीक्षा दी। एक गुरु ने रत्न दिया है। किसी के पास धन, परिवार का खजाना है हमारे गुरु अजीत सागर महाराज के पास ज्ञान का खजाना है।सौरभ मति माताजी को 37 वर्ष दीक्षा लिए हो गए। णमोकार महामंत्र के नौ रत्न आज मंच पर है। भंवरा के लोगों की इच्छा थी भंवरा में गुरु मंदिर बनें। गुरुदेव ने आशिर्वाद दिया, वहां भव्य गुरु मंदिर बनेगा। गुरु भक्ति हमेशा करते रहे। भादों मास जैसे पर्यूषण महापर्व का नजारा किला मंदिर पर दिख रहा है।

### ढोल-ढमाके के साथ नगर प्रवेश

मुनिश्री पुण्य सागर महाराज का ससंघ नगर प्रवेश कालोनी चौराहा से हुआ। समाज के बच्चों के बैंड एवं ढोल ढमाके के साथ गल चौराहा,बुधवारा, गुप्ता गली से बड़ा बाजार होते हुए किला मंदिर पर पहुंचे। कदम - कदम पर मुनिश्री पुण्य सागर महाराज का पग प्रक्षालन किया गया। किला मंदिर पर मुनि संघ के संघपति गुवहाटी निवासी सुधीर जैन, विकास जैन का समाजजनों ने शाल - श्रीफल भेंट कर स्वागत और सम्मान किया गया।

# बीआईटी के छात्र लक्ष्य ने पैदल यात्रा कर महाकाल के किए दर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

बीआईटी के छात्र लक्ष्य तय किया था कि वो बाबा महांकाल के दर्शन के लिये भोपाल से उज्जैन तक पैदल ही जायेगा। जब लक्ष्य तय कर लिया और मन मे पूरा विश्वास था तो लक्ष्य भी पूरा हो ही गया। मूलतः दिल्ली के रहने वाले बीआईटी के छात्र लक्ष्य त्यागी ने एक लक्ष्य के तहत भोपाल से उज्जैन 186 किलोमीटर पैदल यात्रा कर बाबा महाकाल के दर्शन किए । आष्टा पहुचने पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने बाबा के भक्त का स्वागत सम्मान किया ओर उन्हें शुभकामना दी। उपस्तिथ जिला भाजपा के मीडिया प्रभारी सुशील संचेती, बजरंग दल प्रखंड अध्यक्ष चन्दर सिंह राजपूत, प्रखंड उपाध्यक्ष अनिलशर्मा, नगर अध्यक्ष मोहित प्रजापति, नगर मंत्री मोहित जैन लक्ष्यपति, नगर सुरक्षा प्रमुख अमन जैन,नगर धर्म प्रचार प्रसार दीपक मंडोरिया, आदित्य जैन, भानु पालीवाल आदि कार्यकर्ताओ ने लक्ष्य का पुष्पमाला पहना कर स्वागत सम्मान किया एवं मिठाई खिलाई।